"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/तक. 114-009/2003/20-01-03."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 44] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 31 अक्टूबर 2008—कार्तिक 9, शक 1930

विषय—सूची

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 8 अक्टूबर 2008

क्रमांक ई-01-01/2008/एक/2.—इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 01-10-2008 द्वारा श्री प्रसन्ना आर., भा. प्र. से. (2004), की सेवाएं अतिरिक्त प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य विपणन संघ मर्यादित, रायपुर के पद पर पदस्थापना हेतु सहकारिता विभाग को सौंपी गई थीं. उक्त आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए अब श्री प्रसन्ना आर. की सेवाएं अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक अतिरिक्त प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम, रायपुर के पद पर पदस्थापना हेतु खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग को सौंपी जाती है.

2. श्री प्रसन्ना आर. द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से राज्य शासन, भारतीय प्रशासनिक सेवा (वेतन) नियम, 1954 के नियम-9 के

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2008.

तहत अतिरिक्त प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम, रायपुर के असंवर्गीय पद को प्रतिष्ठा एवं जिम्मेदारी में, भारतीय प्रशासनिक सेवा के कनिष्ठ वेतनमान के संवर्गीय पद के समकक्ष घोषित करता है.

रायपुर, दिनांक 10 अक्टूबर 2008

क्रमांक ई-01-01/2008/एक/2.—श्री भूवनेश यादव, भा. प्र. से. (2006), अनुविभागीय अधिकारी, भानुप्रतापपुर, जिला कांकेर को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक सहायक कलेक्टर, जिला कांकेर के पद पर पदस्थ किया जाता है.

रायपुर, दिनांक 16 अक्टूबर 2008

क्रमांक ई-1-1/2008/1/2.—श्री मुनीश कुमार त्यागी, भा. प्र. से. (1997), संयुक्त सचिव, खनिज साधन विभाग तथा संचालक, भौमिकी एवं खनिकर्म को अस्थाई रूप से, आगामी आदेश तक, कलेक्टर, बीजापुर के पद पर पदस्थ किया जाता है.

2. श्री एल. एस. केन, भा. प्र. से. (2000), कलेक्टर, बीजापुर को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक उप-सचिव, मंत्रालय पदस्थ किया जाता है.

रायपुर, दिनांक 17 अक्टूबर 2008

क्रमांक ई-01-01/2008/एक/2.—श्री भूवनेश यादव, भा. प्र. से. (2006), सहायक कलेक्टर, जिला कांकेर को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), जिला कांकेर के पद पर पदस्थ किया जाता है.

रायपुर, दिनांक 19 अक्टूबर 2008

क्रमांक ई-01-01/2008/एक/2.—श्री सी. आर. प्रसन्ना, भा. प्र. से. (2006), सहायक कलेक्टर, जिला बिलासपुर को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक अनुविभागीय अधिकारी, भानुप्रतापपुर, जिला कांकेर के पद पर पदस्थ किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
पी. जॉय उम्मेन, मुख्य सचिव.

रायपुर, दिनांक 10 अक्टूबर 2008

क्रमांक ई-7/7/2007/1/2.—श्री एन. के. खाखा, भा. प्र. से., उपायुक्त, आयुक्त, बस्तर संभाग, जगदलपुर को दिनांक 15-12-2008 से 02-01-2009 तक (19 दिवस) का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. साथ ही दिनांक 13 एवं 14 दिसम्बर, 2008 के शासकीय अवकाश को जोड़ने की अनुमति भी दी जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री खाखा, आगामी आदेश तक उपायुक्त, आयुक्त, बस्तर संभाग, जगदलपुर के पद पर पुन: पदस्थ होंगे.

3. अवकाश काल में श्री खाखा को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री खाखा अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
शहला निगार, उप-सचिव.

विधि एवं विधायी कार्य विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 30 सितम्बर 2008

क्रमांक 9342/डी-3039/21-ब/छ. ग./2008.—राज्य शासन, एतद्द्वारा इस संबंध में पूर्व में जारी सभी आदेशों को अतिष्ठित करते हुए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 14 के अनुसार विनिर्दिष्ट विशेष न्यायालयों के लिये अधिनियम की धारा 15 के अंतर्गत नियुक्त विशेष लोक अभियोजक एवं अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) नियम, 1995 के नियम 4 (1) के अनुसार नियुक्त विशिष्ट ज्येष्ठ अधिवक्ता पैनल में सम्मिलित अधिवक्ताओं को दिनांक 01-10-2008 से निम्नलिखित दरों पर अभिभाषक शुल्क दिया जाना एतद्द्वारा नियत करता है :—

1	विशेष लोक अभियोजक	(क)	250/- (रु. दो सौ पचास) प्रतिदिन एक घंटे से कम कार्य करने के लिए,
		(ख)	रु. 500/- (रु. पांच सौ) प्रतिदिन एक घंटे से अधिक कार्य करने के लिए,
2	विशिष्ट ज्येष्ठ अधिवक्ता पैनल में सम्मिलित अधिवक्ता.	(क)	200/- (रु. दो सौ) प्रतिदिन एक घंटे से कम कार्य करने के लिए,
		(ख)	रु. 400/- (रु. चार सौ) प्रतिदिन एक घंटे से अधिक कार्य करने के लिए,

निम्नलिखित परिस्थितियों में प्रकरणों में न्यायालयीन कार्यवाही न होने की स्थिति में किसी भी प्रकार की फीस का भुगतान देय नहीं होगा :—

(1) नियत तिथि को अचानक न्यायालयीन कार्यवाही स्थगित होने पर,

(2) किसी भी पक्ष द्वारा किसी भी कारण से प्रकरणों की तिथि स्थगित किये जाने हेतु दिये गये आवेदन पत्र पर,

(3) अभियुक्त/गवाह के अनुपस्थिति होने के कारण.

इस संबंध में होने वाला व्यय मांग संख्या-29-न्याय प्रशासन-2014-न्याय प्रशासन (114) कानूनी सलाहकार और परामर्शदाता-3572/मुफस्सिल स्थापना-010-व्यवसायिक और विशेष सेवाओं के लिए अदायगियां-006-अभिभाषकों के शुल्क के अंतर्गत विकलनीय होगा.

यह स्वीकृति आदेश वित्त विभाग के यू. ओ. क्र. 436/23515/वित्त विभाग/ब-3/2008 दिनांक 23-09-08 द्वारा प्रदान किया गया है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. एस. शर्मा, सचिव.

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 27 सितम्बर 2008

क्रमांक एफ 8-1/2006/11/(6).—इंडियन बायलर्स एक्ट, 1923 की धारा 34 (2) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा मेसर्स प्रकाश इण्डस्ट्रीज लिमि. के बॉयलर क्रमांक सी. जी./42 को दिनांक 19-10-08 से 19-04-09 तक निम्नलिखित शर्तों

पर उक्त अधिनियम की धारा 6 (सी) के उपबंधों के प्रवर्तन से छूट प्रदान करता है :—

(1) संदर्भाधीन बायलर को पहुंचने वाली किसी भी हानि की सूचना भारतीय बायलर अधिनियम, 1923 की धारा 18 (1) की अपेक्षानुसार तत्काल बायलर निरीक्षक/मुख्य निरीक्षक, वाष्पयंत्र, छत्तीसगढ़ को दी जावेगी एवं दुर्घटना होने के दिनांक से छूट की मान्यता समाप्त समझी जावेगी.

(2) उक्त अधिनियम की धारा 12 तथा 13 की अपेक्षानुसार मुख्य निरीक्षक, वाष्पयंत्र, छत्तीसगढ़ के पूर्वानुमोदन के बिना संदर्भाधीन बायलर में किसी प्रकार का संरचनात्मक परिवर्तन अथवा नवीनीकरण नहीं किया जावेगा.

(3) संदर्भाधीन बायलर का सरसरी दृष्टि से निरीक्षण किये जाने पर यदि वह खतरनाक स्थिति में पाया गया तो यह छूट समाप्त हो जावेगी.

(4) नियतकालीन सफाई और नियमित रूप से गैस निकालने (रेगुलर ब्लोडाउन) का कार्य किया जावेगा और उसका अभिलेख रखा जावेगा.

(5) छत्तीसगढ़ बायलर निरीक्षण नियम, 1966 के नियम 6 की अपेक्षानुसार संदर्भाधीन बायलर के संबंध में वार्षिक निरीक्षण शुल्क देय होने पर अग्रिम दी जावेगी, एवं

(6) यदि राज्य शासन आवश्यक समझे तो प्रश्नांकित छूट में संशोधन कर सकता है अथवा उसे वापिस ले सकता है.

रायपुर, दिनांक 13 अक्टूबर 2008

क्रमांक एफ 8-4/2007/11/(6).—इंडियन बायलर्स एक्ट, 1923 की धारा 34 (2) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा एन. टी. पी. सी., कोरबा के बॉयलर क्र.-एम. पी./3522 को दिनांक 14-10-2008 से 31-03-2009 तक निम्नलिखित शर्तों पर उक्त अधिनियम की धारा 6 (सी) के उपबंधों के प्रवर्तन से छूट प्रदान करता है :—

(1) संदर्भाधीन बायलर को पहुंचने वाली किसी भी हानि की सूचना भारतीय बायलर अधिनियम, 1923 की धारा 18 (1) की अपेक्षानुसार तत्काल बायलर निरीक्षक/मुख्य निरीक्षक, वाष्पयंत्र, छत्तीसगढ़ को दी जावेगी एवं दुर्घटना होने के दिनांक से छूट की मान्यता समाप्त समझी जावेगी.

(2) उक्त अधिनियम की धारा 12 तथा 13 की अपेक्षानुसार मुख्य निरीक्षक, वाष्पयंत्र, छत्तीसगढ़ के पूर्वानुमोदन के बिना संदर्भाधीन बायलर में किसी प्रकार का संरचनात्मक परिवर्तन अथवा नवीनीकरण नहीं किया जावेगा.

(3) संदर्भाधीन बायलर का सरसरी दृष्टि से निरीक्षण किये जाने पर यदि वह खतरनाक स्थिति में पाया गया तो यह छूट समाप्त हो जावेगी.

(4) नियतकालीन सफाई और नियमित रूप से गैस निकालने (रेगुलर ब्लोडाउन) का कार्य किया जावेगा और उसका अभिलेख रखा जावेगा.

(5) छत्तीसगढ़ बायलर निरीक्षण नियम, 1966 के नियम 6 की अपेक्षानुसार संदर्भाधीन बायलर के संबंध में वार्षिक निरीक्षण शुल्क देय होने पर अग्रिम दी जावेगी, एवं

(6) यदि राज्य शासन आवश्यक समझे तो प्रश्नांकित छूट में संशोधन कर सकता है अथवा उसे वापिस ले सकता है.

रायपुर, दिनांक 13 अक्टूबर 2008

क्रमांक एफ 20-89/2006/11/(6).—राज्य शासन एतद्द्वारा Special Economic Zones हेतु Empowered Committee का गठन आगामी आदेश पर्यन्त निम्नानुसार गठित करता है.

(1)	मुख्य सचिव, छ. ग. शासन	अध्यक्ष
(2)	सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग	सदस्य
(3)	सचिव, खनिज संसाधन विभाग	सदस्य
(4)	सचिव, ऊर्जा विभाग	सदस्य
(5)	सचिव, आवास एवं पर्यावरण	सदस्य
(6)	सचिव, वित्त विभाग	सदस्य
(7)	सचिव, श्रम विभाग	सदस्य
(8)	आयुक्त, उद्योग संचालनालय	सदस्य सचिव
(9)	प्रबंध संचालक, सीएसआईडीसी	सदस्य
(10)	विकास आयुक्त SEZ	सदस्य

यह कमेटी Special Economic Zones के संबंध में औद्योगिक संवर्धन, विकास एवं अन्य आवश्यक कार्य करेंगे.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विनोद गुप्ता, विशेष सचिव.

गृह (परिवहन) विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 13 अक्टूबर 2008

क्रमांक एफ-5-23/दो/आठ-परि./08.—निम्नलिखित पारस्परिक यातायात करार जो मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 88 की उप-धारा (5) (केन्द्रीय अधिनियम-59/1988) के तहत छत्तीसगढ़ एवं आंध्रप्रदेश राज्य द्वारा प्रकाशित किया गया था. तदनुसार कार्यवाही करते हुए मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 88 उप-धारा (6) के तहत प्रकाशित करता है :-

और चूंकि, छत्तीसगढ़ शासन एवं आन्ध्रप्रदेश शासन को अनेक आवेदन नये मार्ग खोलने हेतु प्राप्त हुये हैं.

और चूंकि, पारस्परिक यातायात करार का प्रारूप छत्तीसगढ़ शासन एवं आन्ध्रप्रदेश शासन द्वारा स्टेज कैरिज सेवा, संविदा वाहन, माल वाहन, तथा शैक्षणिक संस्थाओं की वाहन संचालन हेतु प्रस्तावित किया गया था, एवं पारस्परिक यातायात करार का प्रारूप दोनों राज्यों के मध्य अन्तर्राज्यीय मार्गों के लिए मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा-88 की उप-धारा (5) (केन्द्रीय अधिनियम-59/1988) के द्वारा अधिसूचना क्रमांक एफ-5-23/दो/आठ-परि./03, दिनांक-03 फरवरी 2004 को सुझाव एवं अभ्यावेदन हेतु प्रकाशित किया गया था, तथा पुनः संशोधित अधिसूचना क्रमांक-एफ-640/परि/टीसी/08, दिनांक-14-05-08 को प्रकाशित कर सुझाव एवं अभ्यावेदन आमंत्रित किए गए; तथा दिनांक-16-09-08 को प्राप्त सुझाव एवं अभ्यावेदन पर प्रमुख सचिव, परिवहन छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुनवाई कर निर्णय लिया गया.

अतः मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 88 की उप-धारा (6) (केन्द्रीय अधिनियम- 59/1988) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के तहत छत्तीसगढ़ एवं आन्ध्रप्रदेश शासन द्वारा निष्पादित करार प्रकाशित करता है.

यह करार छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशन दिनांक से प्रभावशील होगा.

1. **प्रक्रम वाहन परमिट :-**

   (क) प्रक्रम वाहनों के लिए अन्तर्राज्यीय मार्ग का आशय है, किसी विशेष प्रकरण या प्रकरणों में ऐसे मार्ग जैसा कि सहमति हुई हो।

   (ख) प्रक्रम वाहनों के संचालन के अन्तर्गत फेरो की संख्या, वाहनों की संख्या, परिशिष्ट 'अ' के अनुसार होगी।

(ग) प्रक्रम वाहन जो छत्तीसगढ़ राज्य में पंजीकृत है, और पारस्परिक करार के अन्तर्गत आँध्रप्रदेश में संचालित है, वे उनके द्वारा छत्तीसगढ़ मोटरयान कराधान अधिनियम, 1991 के अन्तर्गत देय कर का भुगतान सम्पूर्ण मार्ग के लिए (छत्तीसगढ़ राज्य में) करने के लिए उत्तरदायी होगा.

प्रक्रम वाहन जो आँध्रप्रदेश में पंजीकृत है और पारस्परिक करार के अन्तर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित है, वे आँध्रप्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम, 1963 के अन्तर्गत देय कर का भुगतान सम्पूर्ण मार्ग के लिए (आँध्रप्रदेश में) करने के लिए उत्तरदायी होंगे.

(घ) पारस्परिक करारकर्ता राज्य के संचालकों द्वारा लिया जाने वाला किराया एवं भाड़ा उस किराया एवं भाड़ा से कम नहीं होगा जो संबंधित राज्य द्वारा उसी प्रकार की सेवा के लिए लिया जाता है. एक राज्य द्वारा जारी किये गये टिकिट पारस्परिक राज्य में वैध माने जायेंगे.

(ङ) परिशिष्ट 'अ' में उल्लेखित मार्गों पर जब तक पारस्परिक राज्य के परिवहन प्राधिकारी द्वारा स्थायी परमिट स्वीकृत नहीं किये जाते, संबंधित राज्य के नॉमनी को परिवहन प्राधिकारी द्वारा अस्थायी परमिट स्वीकृत एवं प्रतिहस्ताक्षरित किये जायेंगे. स्थायी परमिट का नवीनीकरण लंबित होने की स्थिति में मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा, 87 (1) (डी) के अन्तर्गत पारस्परिक राज्य के परिवहन प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किये गये अस्थायी परमिट पर स्थायी परमिट की भाँति कर देय होगा जैसा कि खण्ड (स) में परिभाषित है.

(च) पारस्परिक राज्य के परिवहन प्राधिकारी मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा, 88 (7) के अन्तर्गत अस्थायी परमिट स्वीकृत करने हेतु सामान्य सहमति, जब आवश्यक हो दे सकेंगे.

(छ) यदि प्रक्रम वाहन अपने मूल पंजीयन दिनांक से 10 वर्ष से अधिक पुरानी है, तो अन्तर्राज्यीय मार्ग पर संचालन की अनुमति नहीं दी जाएगी.

(ज) यदि अनुसूची 'अ' में उद्धित मार्गों की दूरी के संबंध में कोई मतभेद पाया जाता है तो वह दोनों राज्यों के बीच पत्र व्यवहार के माध्यम से सुधार लिया जाएगा और यह करार में उपान्तरण के रूप में नहीं माना जाएगा.

(झ) दोनों राज्यों में से किसी भी राज्य द्वारा खड़े यात्रियों की अनुमति नहीं दी जाएगी.

(ञ) प्रतिहस्ताक्षरकर्ता प्राधिकार अपने क्षेत्राधिकार में आवश्यक होने पर, परमिट स्वीकृत प्राधिकार द्वारा जारी किये गये समय-चक्र में आवश्यक परिवर्तन कर सकेंगे.

2. स्थायी परमिट के अन्तर्गत मोटरकैब का संचालन:-

6+1 तक बैठक क्षमता वाले मोटरकैब का संचालन पारस्परिक राज्य में बिना कर का भुगतान किये किया जा सकेगा वशर्ते उनके पास परमिट स्वीकृतकर्ता राज्य का वैध परमिट हो.

3. स्थायी परमिट के अन्तर्गत मालयान का संचालन:-

(क) प्रत्येक राज्य के मालयान परमिट पर दूसरे राज्य द्वारा मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 88 की उप-धारा (5) के अन्तर्गत परमिट की संख्या पर प्रतिबंध के बिना प्रतिहस्ताक्षर किया जाएगा.

(ख) मालयानों पर प्रतिहस्ताक्षर की स्वीकृति समस्त राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गों पर 30 कि. मी. पथान्तर तक उक्त अधिनियम की धारा, 115 में प्रतिबंधित मार्गो को छोड़कर संचालन के लिए प्रदान की जाएगी. इस उद्देश्य से दोनों राज्य प्रतिबंधित मार्गों की सूची का आदान-प्रदान समय-समय पर करेंगे.

(ग) मालयान अपनी वापसी यात्रा में अनन्यतः पारस्परिक राज्य के भीतर पड़ने वाले किन्हीं दो विन्दुओं के बीच उस राज्य के किसी स्थान व मार्ग पर माल को चढ़ाने और उतारने का कार्य नहीं करेगा.

परन्तु अग्रेषित यात्रा में पारस्परिक राज्य के किसी बिन्दु पर माल उतारने पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा किन्तु उस राज्य से कोई माल चढ़ाया नहीं जाएगा.

(घ) दोनों पक्षों की ओर से कर का भुगतान दोनों राज्यों द्वारा सहमत दर पर एकल बिन्दु प्रणाली के आधार पर वार्षिक समयावधि के लिए किया जाएगा.

(ङ) स्वीकृत प्रतिहस्ताक्षर उस समयावधि के लिए वैध होगा जिसके लिए पारस्परिक राज्य के सभी देय करों का अग्रिम भुगतान कर दिया गया हो.

(च) यदि प्रतिहस्ताक्षर परमिटधारी उप-मद (द) में उल्लेखित कर का भुगतान, पूर्व भुगतान किये गये कर की वैधता समाप्त होने की तिथि से दो माह के अन्दर नहीं करता है तो प्रतिहस्ताक्षर, परमिट स्वीकृत प्राधिकारी को सूचना देते हुए निरस्त माना जाएगा.

(छ) अग्रिम में जमा किया गया कर किसी भी आधार पर परमिट के क्रियाशील नहीं होने अथवा वाहन के निष्प्रयोग में रहने के कारण वापस नहीं किया जाएगा.

(ज) जो मालयान अपने मूल पंजीयन दिनांक से 12 वर्ष या उससे पुराना है उसके लिए परमिट प्रतिहस्ताक्षरित नहीं किया जाएगा.

4. शैक्षणिक संस्थाओं की बस का संचालन :-

पारस्परिक राज्य एक दूसरे राज्य की शैक्षणिक संस्थाओं की बस को शैक्षणिक उद्देश्य के लिए बिना कर वसूल किये संचालन की अनुमति प्रदान करेंगे.

5. सामान्य :-

(1) पारस्परिक राज्य कर भुगतान एवं करार अनुसार अन्तर्राज्यीय मार्गों पर संचालित मोटरयान के परिचालक लायसेंस को मान्यता प्रदान करेंगे.

(2) पारस्परिक राज्य के वाहन जो राज्य सरकार के स्वामित्व के हो और जिसका उपयोग अनार्थिक उद्देश्य से किया जाता हो, मोटरयान कर भुगतान से पूर्णतः मुक्त होंगे.

(3) इस समझौते के अन्तर्गत स्वीकृत प्रतिहस्ताक्षर उसी समयावधि के लिए वैध माना जाएगा जिस समयावधि के लिए पारस्परिक राज्य के देय करों का भुगतान कर दिया गया हो.

(4) नवीन सड़क निर्माण की स्थिति में प्रक्रम वाहन को समझौते में उल्लेखित अन्तर्राज्यीय मार्ग के विचलित मार्ग से संचालन की अनुमति संबंधित राज्य परिवहन प्राधिकार के अनुमोदन पश्चात् दी जाएगी.

(5) यह पारस्परिक करार तब तक प्रभावशील रहेगा जब तक दोनों राज्यों के मध्य इसका पुनर्विलोकन न हो और एक नवीन करार प्रभावशील न हो जायें अथवा आपसी सहमति से किसी एक पक्ष द्वारा तीन माह की सूचना देकर करार को विखण्डित नहीं कर दिया जाये.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अशोक जुनेजा, विशेष सचिव.

परिशिष्ट 'अ'

आँध्रप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा प्रस्तावित संचालन हेतु अन्तर प्रान्तीय मार्गों का विवरण-

क्रमांक	मार्ग का नाम	दूरी कि.मी. में			एकल फेरो की संख्या		कुल संचालन कि.मी. में		परमिटों की संख्या	
		आँध्र प्रदेश	छत्तीसगढ़	योग	आँध्र प्रदेश	छत्तीसगढ़	छत्तीसगढ़ राज्य का आ.प्र. में	आ.प्र. का छत्तीसगढ़ में	आँध्र प्रदेश	छत्तीसगढ़
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	जगदलपुर से हैद्राबाद व्हाया भद्राचलम	382	184	566	2	2	764	368	2	2
2	बैलाडिला से हैद्राबाद व्हाया सुकमा, भद्राचलम	382	250	632	4	2	764	1000	4	2
3	जगदलपुर से विजयवाड़ा व्हाया भद्राचलम	251	185	436	2	2	502	370	2	2
4	जगदलपुर से राजमुन्द्री व्हाया सुकमा, कोन्टा, चिन्तुर, गोकावरम	159	185	344	2	2	318	370	2	2
5	विशाखापट्नम से बैलाडिला व्हाया जगदलपुर	134 उड़ीसा 155	138	427	2	2	268	276	2	2
6	बैलाडीला से विजयवाड़ा व्हाया दन्तेवाड़ा, गादीरास, सुकमा	251	201	452	2	2	502	402	2	2
7	बैलाडीला से राजमुन्द्री व्हाया दन्तेवाड़ा, गादीरास, सुकमा	159	201	360	2	2	318	402	2	2
8	भद्राचलम से मद्देड़ व्हाया भोपालपटनम	160	55	215	4	2	320	220	2	1
9	भद्राचलम से दन्तेवाड़ा व्हाया चिन्तुर, कोन्टा, सुकमा	75	151	226	4	2	150	604	2	1
10	खम्मम् से मलकानगिरी व्हाया कोन्टा, सुकमा	195 उड़ीसा 40	85	320	2	2	390	170	2	2
11	हैद्राबाद से रायपुर व्हाया अड़िलाबाद, नागपुर, भड़ारा, दुर्ग	347 महा. 263	137	747	2	2	694	274	2	2
	योग						4990	4456		

रायपुर, दिनांक 13 अक्टूबर 2008

क्रमांक एफ-5-23/दो/आठ-परि./08.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना समसंख्यक दिनांक-13-10-2008 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अशोक जुनेजा, विशेष सचिव.

Raipur, the 13th October 2008

No. F-5-23/two/VIII-Trans./08.—The following Reciprocal Agreement of the nature referred to in sub-section (5) of Section 88 of the Motor Vehicle Act, 1988 (Central Act 59 of 1988) arrived at between the Government of Chhattisgarh and Andhra Pradesh after following the due procedure is hereby published as required vide sub-section (6) of Section 88 of the Motor Vehicles Act, 1988.

And whereas, the Government of Chhattisgarh and Government of Andhra Pradesh received several representations for introduction of new services connecting Chhattisgarh and Andhra Pradesh and Vice-versa.

And whereas, the proposed Reciprocal Agreement between the State of Chhattisgarh and State of Andhra Pradesh for the operation of Stage Carriage service, Contract Carriage, Goods Carriage, Education Institutional Buses has been proposed and the agreement between both States for Interstate routes under Motor Vehicle Act 1988 section 88 Sub-section (5) (Central Rules 59/1988) and vide Notification No. F 23/Two/Eight-Tran./03, dated 3rd February 2004 Suggestions and Objections has been invited and again the revised Notification No. F-640/Tra./T.C./08, dated 14th May 2008 was published and suggestion and objection again have been invited. On 16th September 2008, the Principal Secretary, Chhattisgarh Government heard the objections and suggestions and accordingly decided them.

Now therefore, in exercise of the powers conferred by sub-section (6) of section 88 of Motor Vehicles Act, 1988 (Central Act 59 of 1988) the Government of Chhattisgarh hereby publishes the following agreement arrived at between the State of Chhattisgarh and State of Andhra Pradesh.

The Agreement shall come in to force with effect from published in this gazette.

1. **Operation of Stage Carriages :**

(a) Inter-state routes for the stage carriages shall mean the routes as agreed upon in any particular case or cases.

(b) The stage carrigages with number of trips and number of vehicles under the operation shall be as per Annexure "A".

(c) The stage carriage vehicles registered in the State of Chhattisgarh and are operating under this agreement in the State of Andhra Pradesh shall be liable to pay the tax leviable under Chhattisgarh Motoryan Karadhan Adhiniyam, 1991 for the entire route.

The stage carriage vehicles registered in the State of Andhra Pradesh and are operating under this agreement in the State of Chhattisgarh shall be liable to pay the motor vehicle tax leviable under Andhra Pradesh Motor Vehicles Taxation Act, 1963 for the entire route.

(d) The fares and freight chargeable by the operations in the reciprocation State shall not be less than those charged by the operators of that State for similar services. The tickets issued by one State shall be deemed to be valid in the reciprocating State.

(e) Till the substantive permits on the routes mentioned in the Annexure- "A", are granted by the Transport Authorities in the Reciprocating State, temporary permits to the nominees of the respective States shall be issued and countersigned by the Transport Authorities.

Temporary permits issued during the pendency of renewal of substantive permits under Section 87 (1) (d) of the Motor Vehicles Act, 1988 and countersigned by the Transport Authority of the reciprocating State shall be liable to pay the tax as applicable to the substantive permits as defined in clause (c) above.

(f) The Transport Authority of the reciprocating States may accord general concurrence under section 88 (7) of the said Act for issue of temporary permits as and when required.

(g) The Stage carriage shall not be allowed to ply on inter-state routes, if, it is more than (10) years of age from the date of its initial registration.

(h) If any descrepancy in found in the distances of routes shown in the Annexure "A", appended to this

agreement, the same shall be corrected through correspondence between the States and it shall not be treated as modification in the agreement.

(i) No standing passengers shall be permitted in the Express stage carriages of both the states.

(j) Countersigning authority shall be permitted to make necessary changes, if required, in the time table issued by the permit granting authority within its own jurisdiction.

2. **Operation of Motor cabs of Substantive Permits :**
To operate Motor cabs with seating capacity upto 6+1 in all in the reciprocating State without paying tax in the reciprocating State provided they have a valid permit in the permit granting State.

3. **Goods carriage operation on Substantive Permits :**

(a) The goods carriage permits of each State shall be countersigned by the Transport Authority of the other State in accordance with the provisions of sub-section (5) of section 88 of the said Act without any restriction on the number of such permits.

(b) The countersignature shall be granted for plying in the vehicles on all National and State highways with a deviation upto 30 kilometers except the routes prohibited in accordence with section 115 of the said Act. For this purpose both States will exchange list of prohibited routes in each State from time to time.

(c) The vehicles shall not on their return journey pick-up any goods between any two points lying exclusively within the territor of the reciprocating State for setting down such goods at any place or route in the State.

Provided that on the forward journey there shall be no restriction on setting down goods any where in the reciprocating State but no goods shall be picked up in that State.

(d) The bilateral tax will be on single point taxation basis on annual basis at an equal rate agreed upon by the two States.

(e) The countersignature granted shall be valid for the duration of the period for which all taxes due to the reciprocating State have been paid in advance.

(f) If the countersignature holders fail to pay tax as indicated in sub-clause (d) within two months from the date of expiry of the period for which the tax was last paid the countersignature shall be deemed to be cancelled under intimation to original permit granting authority.

(g) No refund of tax paid in advance shall be permitted on account of dormancy of the permit or non-use of vehicle on any ground.

(h) No countersignature on the permit shall be granted to a goods carriage which is 12 years old or more from the date of initial registration.

4. **Operation of Educational Institutional Buses :**
To permit the Educational Institutional Buses to operate in the State for Educational purpose on reciprocal basis without insisting tax by the reciprocating State.

5. **General :**

(1) The reciprocating State shall accord recognition to tax payments, and conductor licenses of motor vehicles plying on the Inter-state routes in accordance with this agreement.

(2) The vehicles owned by the Government of Reciprocating State used for non-commercial purpose shall be totally exempted from payment of motor vehicles tax.

(3) The countersignature granted this agreement shall be subject to the condition that it shall be valid only for the duration of the period for which all taxes due to the reciprocating State have been paid.

(4) The stage carriage shall be permitted to divert their services on inter state routes specified in the agreement in case of construction of new road subject to the approval of concerned State Transport Authority.

(5) This agreement shall remain in force until it is reviewed and a new agreement comes into force or until it is rescinded or modified by mutual consent on three months notice by either side.

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,
ASHOK JUNEJA, Special Secretary.

ANEXURE-A

Inter State routes Andhra Pradesh and Chhattisgarh

Sl. No.	Route with Route Course	Route Length (Kms.)			Single Trips		Total Kms.	Total Kms.	No. of Permit	
(1)	(2)	(3)			(4)		(5)	(6)	(7)	(8)
		AP	CHS	Total	AP	CHS	By CHS in AP	By AP in CHS	AP	CHS
1.	Jagdalpur to Hyderabad (Via) Bhadrachalam	382	184	566	2	2	764	368	2	2
2.	Bailadilla to Hyderabad (Via) Sukuma and Bhadrachalam	382	250	632	4	2	764	1,000	4	2
3.	Jagdalpur to Vijayawada (Via) Bhadrachalam	251	185	436	2	2	502	370	2	2
4.	Jagdalpur Rajamundry (Via) Sukuma, Kunta, Chintoor, Gokavaram	159	185	344	2	2	318	370	2	2
5.	Visakhapatnam to Bailadilla (Via) Jagdalpur	134 Orissa 155	138	427	2	2	268	276	2	2
6.	Bailadilla to Vijayawada (Via) Dantewada, Gadirash, Sukuma	251	201	452	2	2	502	402	2	2
7.	Bailadilla to Rajamundry (Via) Dantewada, Gadirash, Sukuma	159	201	360	2	2	318	402	2	2
8.	Bhadrachalam to Maddedu (Via) Bhopalapatnam	160	55	215	4	2	320	220	2	1
9.	Bhadrachalam to Dantewada (Via) Chintoor, Kunta, Sukuma	75	151	226	4	2	150	604	2	1
10.	Khammam to Malkangiri (Via) Kunta and Sukuma	195 Orissa 40	85	320	2	2	390	170	2	2
11.	Hyderabad to Raipur (Via) Adilabad, Nagpur, Bhandara and Durg	347 Mah 263	137	747	2	2	694	274	2	2
	GRAND TOTAL						4990	4456		

रायपुर, दिनांक 13 अक्टूबर 2008

क्रमांक एफ-5-58/दो/आठ-परि./08.—निम्नलिखित पारस्परिक यातायात करार जो मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 88 की उप-धारा (5) (केन्द्रीय अधिनियम-59/1988) के तहत छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा राज्य द्वारा प्रकाशित किया गया था. तदनुसार कार्यवाही करते हुए मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 88 उप-धारा (6) के तहत प्रकाशित करता है :-

और चूंकि, छत्तीसगढ़ राज्य एवं उड़ीसा राज्य को अनेक आवेदन नये मार्ग खोलने हेतु प्राप्त हुये हैं.

और चूंकि, पारस्परिक यातायात करार का प्रारूप छत्तीसगढ़ राज्य एवं उड़ीसा राज्य द्वारा स्टेज कैरिज, संविदा वाहन, निजी सेवा यान, तथा माल वाहन संचालन हेतु प्रस्तावित किया गया था, एवं पारस्परिक यातायात करार का प्रारूप दोनों राज्यों के मध्य अन्तर्राज्यीय मार्गों के लिए मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा-88 की उप-धारा (5) (केन्द्रीय अधिनियम- 59/1988) के द्वारा अधिसूचना क्रमांक एफ-5-58/दो/आठ-परि./04, दिनांक-14 अक्टूबर, 2005 को सुझाव एवं अभ्यावेदन हेतु प्रकाशित किया गया था, तथा पुनः संशोधित अधिसूचना क्रमांक-एफ-1632/परि/टीसी/08, दिनांक-08 अगस्त, 2008 को प्रकाशित कर सुझाव एवं अभ्यावेदन आमंत्रित किए गए, तथा दिनांक 16-09-08 को प्राप्त सुझाव एवं अभ्यावेदन पर प्रमुख सचिव, परिवहन छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुनवाई कर निर्णय लिया गया.

अतः मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 88 की उप-धारा (6) (केन्द्रीय अधिनियम- 59/1988) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के तहत छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा राज्य द्वारा निष्पादित करार प्रकाशित करता है.

यह करार छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशन दिनांक से प्रभावशील होगा.

1. **प्रक्रम** वाहन के परमिट :-

(क) प्रक्रम वाहनों के लिए अन्तर्राज्यीय मार्ग का आशय है ऐसे मार्ग जैसा कि सहमति हुई हो तथा फेरो की संख्या एवं परमिट की संख्या परिशिष्ट 'अ' के अनुसार होगी.

(ख) संबंधित राज्य के प्रक्रम वाहन पारस्परिक करारकर्ता राज्य के कराधान अधिनियम के अनुसार उस राज्य में पड़ने वाले मार्ग के भाग के लिए कर का भुगतान करेंगे.

(ग) पारस्परिक करारकर्ता राज्य के संचालकों द्वारा लिया जाने वाला किराया एवं भाड़ा प्रतिहस्ताक्षरकर्ता राज्य के प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित किया जाएगा, एक राज्य द्वारा जारी किये गये टिकिट पारस्परिक राज्य में वैध माने जायेंगे.

(घ) परिशिष्ट 'अ' में उल्लेखित मार्गों पर जब तक पारस्परिक राज्य के परिवहन प्राधिकारी द्वारा स्थायी परमिट स्वीकृत नही किये जाते, संबंधित राज्य के नॉमिनी को परिवहन प्राधिकारी द्वारा अस्थायी परमिट स्वीकृत एवं प्रतिहस्ताक्षरित किये जाएंगे.

सहमत मार्गों के लिए जारी किये गये अस्थायी परमिट पर कर उसी भाँति देय होगा जैसा कि सहमत मार्गों के लिए स्थायी परमिट पर देय होता है.

(ङ.) पारस्परिक राज्य के परिवहन प्राधिकारी उक्त अधिनियम की धारा 88(7) के अन्तर्गत अस्थायी परमिट स्वीकृत करने हेतु सामान्य सहमति जैसी और जब आवश्यक हो दे सकेंगे.

(च) यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा के लिए, यदि प्रक्रम वाहन मूल पंजीयन दिनांक से 10 वर्ष से अधिक पुरानी है तो अन्तर्राज्यीय मार्ग पर संचालन की अनुमति नहीं दी जाएगी.

(छ) यदि परिशिष्ट 'अ' में उद्धित मार्गों की दूरी के संबंध में कोई मतभेद पाया जाता है तो वह दोनों राज्यों के बीच पत्र व्यवहार के माध्यम से सुधार लिया जाएगा और यह करार के उपान्तरण के रूप में नहीं माना जाएगा.

(ज) इस करार के प्रभावशील के समय जो परमिट अस्तित्व में है उन्हें परिशिष्ट 'अ' में सहमत मार्गों के विरूद्ध जारी किया गया माना जाएगा.

(झ) यदि मार्ग की दूरी 250 कि.मी. से अधिक है तो संचालित सेवाएं एक्सप्रेस सेवा के रूप में मानी जावेगी.

(ञ) ऐसे मामलों में प्रक्रम यात्री सेवा प्रतिदिन दो एकल फेरा परमिट स्वीकृत हो और गृह राज्य से संचालन प्रारम्भ होता हो तो उस यात्री वाहन को गृह राज्य में ही रात्रि विश्राम करना होगा.

(ट) सभी अंतर्राज्यीय मार्गो पर गृह राज्यों के प्रक्रम वाहनों को पारस्परिक राज्यों के प्रक्रम वाहनों पर समय चक्र में प्राथमिकता प्राप्त रहेगी.

2. स्थायी परमिट के अन्तर्गत मोटरकेब संविदा वाहन का संचालन :-
मोटर केब के लिए संविदा वाहन परमिट पर एक दूसरे राज्य के परिवहन प्राधिकारी द्वारा संख्या पर प्रतिबंध के बिना प्रतिहस्ताक्षर किया जाएगा. प्रतिहस्ताक्षर से आच्छादित मोटरकेब पारस्परिक राज्य के वाहन कर का भुगतान प्रतिहस्तरित राज्य के कराधान अधिनियम के अनुसार करेंगे.

3. अस्थायी परमिट के अन्तर्गत मोटरकेब संविदा वाहन का संचालन :-
मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 87 के अन्तर्गत संख्या पर प्रतिबंध के बिना मोटरकेब के लिये, प्रत्येक माह अस्थायी परमिट एक वापसी फेरा हेतु, परिशिष्ट अन्तर्राज्यीय मार्ग के दो सिमान्तों को जोड़ने के लिए, बिना प्रतिहस्ताक्षर की अपेक्षा के जारी किये जायेंगे, पारस्परिक राज्य का वाहन कर अस्थायी परमिट की वैध समयावधि के लिए पारस्परिक राज्य को देय होगा.

4. स्थायी अनुज्ञापत्र के अन्तर्गत निजी सेवा यानों का संचालनः-
निजी सेवा यानों को स्वीकृत स्थायी अनुज्ञापत्र पर प्रतिहस्ताक्षरित राज्य वाहनों की संख्या पर प्रतिबंध के बिना प्रतिहस्ताक्षर किया जावेगा तथा ऐसे वाहनों का मोटरयान कर प्रतिहस्ताक्षरित राज्य कराधान अधिनियम के अन्तर्गत भुगतान किया जावेगा.

5. अस्थाई अनुज्ञापत्र के अन्तर्गत निजी सेवा यानों का संचालनः-
मोटरयार्न अधिनियम 1988 की धारा 87 के अन्तर्गत निजी सेवा यानों को अधिकतम 30 दिवस के लिए परिवहन प्राधिकार द्वारा परमिट स्वीकृत किया जावेगा. चाहे निर्धारित अंतर्राज्यीय मार्ग के लिए हो या किसी स्थान के लिए और ऐसे अनुज्ञापत्र पर प्रतिहस्ताक्षर की अपेक्षा किए बिना स्वीकृत किए जा सकेगें, परन्तु करारकर्त्ता राज्य का मोटरयान कर उस राज्य के कराधान अधिनियम के अन्तर्गत भुगतान करना होगा.

6. स्थायी परमिट के अन्तर्गत मालयान का संचालन :-

(क) प्रत्येक राज्य के मालयान परमिट पर दूसरे राज्य के परिवहन प्राधिकारी द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 88 की उप-धारा (1) के अन्तर्गत परमिट की संख्या पर प्रतिबंध के बिना प्रतिहस्ताक्षर किया जाएगा.

(ख) वाहन अपनी वापसी यात्रा में अन्यनतः पारस्परिक राज्य की सीमा में पड़ने वाले किन्हीं दो विन्दुओं के बीच उस राज्य के किसी स्थान व मार्ग पर माल को चढ़ाने व उतारने का कार्य नहीं करेगा.

परन्तु अग्रेषित यात्रा में पारस्परिक राज्य के किसी बिन्दु पर माल उतारने के लिए कोई प्रतिबंध नहीं होगा किन्तु उस राज्य में कोई माल चढ़ाया नहीं जाएगा. ऐसे माल वाहनों का प्रतिहस्ताक्षरित राज्य का मोटरयान कर परमिट स्वीकृत करने वाले प्राधिकार द्वारा परमिट स्वीकृत के अग्रिम में बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से प्राप्त करने के पश्चात् परमिट जारी करने के विवरण सहित संबंधित राज्य परिवहन प्राधिकार को प्रेषित किया जावेगा.

(ग) पारस्परिक एक दूसरे राज्य की माल वाहनें प्रतिहस्ताक्षरित परमिट के अन्तर्गत संचालित होती है तो प्रतिहस्ताक्षरित राज्य के लिए रुपये 6000/-प्रतिवर्ष वाहन कर देय होगा. कर का भुगतान न्यूनतम एक वर्ष के लिए अग्रिम में किया जावेगा, बशर्ते परमिट वैध हो एवं दोनों राज्य सहमति के आधार पर कर की दर में परिवर्तन कर सकते है तथा प्रतिहस्ताक्षरित राज्य के अनुज्ञापत्र स्वीकृत करने वाले प्राधिकारी बैंक ड्राफ्ट के रूप में संग्रहित करने एवं उक्त बैंक ड्राफ्ट को परमिट जारी करने के विवरण के साथ संबंधित राज्य के प्राधिकार को भेजा जायेगा.

(घ) यदि प्रतिहस्ताक्षर परमिटधारी कर का भुगतान पूर्व में भुगतान किये गये कर की वैधता समाप्त होने की तिथि से 2 माह के

अन्दर करने में असफल रहता है, तो प्रतिहस्ताक्षर निरस्त माना जाएगा और यदि वाहन स्वामी नवीनीकरण के लिए उपस्थित होता है तो रु. 1000/- जुर्माने की राशि भुगतान करने पर उसे अनुमति दी जाएगी.

(ड.) जो मालयान अपने मूल पंजीयन दिनांक से 12 वर्ष या उससे अधिक पुरानी है, उसके परमिट पर प्रतिहस्ताक्षर की स्वीकृति प्रदान नहीं की जाएगी.

7. अस्थायी परमिट के अन्तर्गत मालयान का संचालन :-

प्रत्येक राज्य के परिवहन प्राधिकारी पारस्परिक राज्य की पूर्व सहमति के बिना मालयानों के लिए किसी भी संख्या में अस्थायी परमिट जारी कर सकेंगे. इस प्रकार जारी किया गया अस्थायी परमिट निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगा:-

(क) मालयान का उपयोग अन्यनतः पारस्परिक राज्य की सीमा में पड़ने वाले किन्हीं दो बिन्दुओं पर माल को चढ़ाने व उतारने के लिए नहीं किया जाएगा.

(ख) ऐसे माल वाहन का प्रतिहस्ताक्षरित राज्य का मोटरयान कर परमिट स्वीकृत करने वाले प्राधिकार द्वारा परमिट स्वीकृति के समय अग्रिम में बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से प्राप्त करने पश्चात् परमिट जारी करने के विवरण के साथ संबंधित राज्य परिवहन प्राधिकार को प्रेषित किया जायेगा.

8. सामान्य :-

(क) मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 88 (1) के अन्तर्गत पारस्परिक राज्य के कोरीडोर श्रेणी के मार्ग के लिए पारस्परिक राज्य का कर परमिट अनुसार निर्धारित दूरी के लिए गृह राज्य द्वारा लिया जाएगा एवं उक्त दूरी के कोरीडोर मार्ग के संबंध में पारस्परिक राज्य द्वारा कोई कर नहीं लिया जाएगा.

(ख) पारस्परिक राज्य कर भुगतान प्राधिकार पत्र एवं इस करार के अनुसार अन्तर्राज्यीय मार्गों पर संचालित मोटरयान के परिचालक लायसेंस को मान्यता प्रदान करेंगे.

(ग) पारस्परिक राज्य के वाहन जो राज्य सरकार के स्वामित्व के हो, और जिनका उपयोग अनार्थिक उद्देश्य से किया जाता हो मोटरयान कर के भुगतान से पूर्णतः मुक्त होगें.

(घ) नवीन सड़क निर्माण की स्थिति में प्रक्रम वाहन को समझौते में उल्लेखित अन्तर्राज्यीय मार्ग के विचलित मार्ग से संचालन की अनुमति संबंधित राज्य परिवहन प्राधिकार के अनुमोदन पश्चात् ही दी जाएगी.

(ड.) प्रतिहस्ताक्षरित अनुज्ञापत्र के अन्तर्गत अंतर्राज्यीय मार्गों पर संचालित यात्री वाहनों में उल्लेखित प्रभेदक वोर्ड वाहन के सामने की ओर प्रदर्शित करेंगे जिस पर उड़िया एवं हिन्दी भाषा में मार्ग का स्थान एवं गंतव्य स्थल का उल्लेख होगा. प्रक्रम वाहनों में बैठक क्षमता से अधिक यात्रियों को ले जाने की अनुमति नहीं होगी.

(च) पारस्परिक राज्य एक दूसरे राज्य की प्रक्रम वाहन को अपने अधिसूचित बस स्टेण्ड में यात्री चढ़ाने एवं उतारने की अनुमति प्रदान करेंगे.

(छ) यह पारस्परिक करार तब तक प्रभावशील रहेगा जब तक दोनों राज्यों के मध्य इसका पुनर्विलोकन न हो और एक नवीन करार प्रभावशील न हो जाए अथवा आपसी सहमति से किसी एक पक्ष द्वारा 3 माह की सूचना देकर करार को विखण्डित नहीं कर दिया जाए.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अशोक जुनेजा, विशेष सचिव.

परिशिष्ट- "अ"

उड़ीसा एवं छत्तीसगढ़ राज्य के अन्तर्राज्यीय मार्गों का विवरण-

स.क्र.	मार्ग का नाम	दूरी कि.मी. में		कुल योग	परमिट संख्या		फेरो की संख्या		कुल कि.मी. संचालित		सेवा का प्रकार
		उड़ीसा	छत्तीसगढ़		उड़ीसा	छत्तीसगढ़	उड़ीसा	छत्तीसगढ़	छत्तीसगढ़ द्वारा उड़ीसा में	उड़ीसा द्वारा छत्तीसगढ़ में	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1	आउल से भिलाई व्हाया चण्डीखोल, कटक, संबलपुर सुहेला	472	209	681	2	2	2	2	944	418	एक्सप्रेस
2	बरगढ़ से बिलासपुर व्हाया सांरगढ़, भटगांव, शिवरीनारायण	120	159	279	2	2	2	2	240	318	एक्सप्रेस
3	बरगढ़ से कोरबा व्हाया सरिया, चन्द्रपुर, चांपा	120	175	295	1	2	1	2	240	175	एक्सप्रेस
4	बरगढ़ से रायगढ़ व्हाया भटली, नवपड़ा, चन्द्रपुर	92	87	179	4	4	8	8	736	696	साधारण
5	बरगढ़ से रायपुर व्हाया सोहेला, सरिया	46	181	227	2	2	4	4	184	724	साधारण
6	बरगढ़ से रायपुर व्हाया सारंगढ़, रूचदा, सरिया	52	87	139	2	2	4	4	208	348	साधारण
7	बरगढ़ से शक्ति व्हाया सरिया, चन्द्रपुर, खरियार	76	120	196	2	2	4	4	304	480	साधारण
8	बारीपड़ा से रायपुर व्हाया केंवझर, सम्बलपुर, लोहरछटी	355	181	536	2	2	2	2	710	362	एक्सप्रेस
9	बरपाली से रायपुर व्हाया बरगढ़ लोहरछटी, बसना, आरंग	128	181	309	2	2	2	2	256	362	एक्सप्रेस
10	बेलपहाड़ से अम्बिकापुर व्हाया रायगढ़	45	214	259	2	2	2	2	90	428	एक्सप्रेस
11	बरहमपुर से बैलाडीला व्हाया ज्योपुर, जगदलपुर	404	150	554	2	2	2	2	808	300	एक्सप्रेस
12	बरहमपुर से रायपुर व्हाया भवानीपटना, खरियाररोड, महासमुन्द, आरंग	473	109	582	4	2	4	2	946	436	एक्सप्रेस

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
13	भवानीपटना से जगदलपुर व्हाया जुनागढ़, नवरंगपुर, कोटपाड, चांदली	384	22	406	2	2	2	2	768	44	एक्सप्रेस
14	भवानीपटना से रायपुर व्हाया धरमगढ़, देवभोग	80	229	309	2	2	2	2	160	458	एक्सप्रेस
15	भीखमपाली से शाना (आस्था) व्हाया कनकतोरा, रायगढ़, पत्थलगांव, कुनकुरी	36	199	235	2	2	4	4	144	796	साधारण
16	भुनेश्वर से भिलाई व्हाया कटक, धनकेनाल, संबलपुर, लोहरछटी	422	209	631	2	2	2	2	844	418	एक्सप्रेस
17	भदरक से रायपुर व्हाया केंवझर, लोहरछटी	400	181	581	2	0	2	0	0	362	एक्सप्रेस
